दिनांकः 23.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- शहीद दिवस पर आज प्रदेशभर में कई कार्यक्रम–भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि दी जा रही है।
- केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा–एक राष्ट्र–एक चुनाव से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी।
- केंद्र सरकार ने एक अप्रैल से प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क वापस लेने का फैसला किया।
- आईपीएल के 18वें संस्करण की कल कोलकाता में रंगारंग शुरूआत–पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हराया।

..............................................................

राष्ट्र, आज स्वतंत्रता संग्राम के तीन वीर क्रांतिकारियों – शहीद–ए–आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को श्रद्धांजलि दे रहा है। देश के इन वीर सपूतों को वर्ष 1931 में आज ही के दिन लाहौर के केंद्रीय कारागार में फांसी दी गई थी। इन सेनानियों को 17 दिसंबर 1928 को लाहौर में ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जे.पी. सॉन्डर्स की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी।
भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया जा रहा है। भरतपुर में शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस दौरान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर देश भक्ति नारे लगाए गए। पाली जिला मुख्यालय पर प्रभात फेरी निकाली गई और देशभक्ति गीतों के साथ अमर शहीदों के जयकारे लगाए गए।

..............................................................

राजधानी जयपुर में भी शहीद दिवस पर तिरंगा रैली, दीपदान सहित विभिन्न कार्यक्रम रखे गए हैं।

..............................................................

केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी और परिसीमन प्रक्रिया से नए राजस्व गांवों और ग्राम पंचायतों का निर्माण होगा। जैसलमेर के पोकरण में कल एक कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इससे क्षेत्र के विकास को बल मिलेगा।
इस अवसर पर श्री शेखावत ने बताया कि जैसलमेर को पर्यटन क्षेत्र में विश्व मानचित्र पर स्थापित करने और यहां आने वाले सैलानियों की सुविधा के लिए इसे आइकोनिक डवलवमेंट डेस्टिनेशन स्कीम में शामिल किया जाएगा।

..............................................................

केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्टार्टअप्स से नए विचार और नवाचार को अपनाते समय समाज और देश की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। अहमदाबाद में वेजलपुर स्टार्टअप महोत्सव में श्री गोयल ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में स्टार्ट अप्स की भूमिका प्रमुख है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन देने के लिए इनके वित्त पोषण के लिए वैकल्पिक निवेश कोष फंड ऑफ फंड्स जैसी योजनाएं चलाई गई हैं। श्री गोयल ने निवेशकों और परामर्शदाताओं को स्टार्टअप्स में निवेश करने का आह्वान किया।

..............................................................

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेलमंत्री मनसुख मांडविया आज लखनऊ में राष्ट्रव्यापी आंदोलन 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' में हिस्सा लेंगे। केंद्रीय मंत्री के साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और वहां के खेलमंत्री भी उपस्थित रहेंगे। अभियान के तहत मुंबई के अक्सा बीच पर होने वाले कार्यक्रम में एशियाई खेलों के पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना हिस्सा लेंगे।

अब तक यह अभियान देश के चार हजार दो सौ स्थानों पर आयोजित किया जा चुका है। इसमें लगभग दो लाख व्यक्तियों ने भाग लिया है। यह अभियान पूरे देश में वायु प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए पर्यावरण के अनुकूल प्रथाओं को भी बढ़ावा देता है। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' का आयोजन युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने भारतीय साइक्लिंग महासंघ, माई बाइक्स और माई भारत के सहयोग से किया गया है।

..............................................................

केंद्र सरकार ने पहली अप्रैल से प्याज निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क वापस ले लिया है। खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, इससे किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और उपभोक्ताओं के लिए प्याज की उपलब्धता भी बनी रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि रबी फसलों के अधिक उत्पादन की संभावना के बाद थोक और खुदरा कीमतों में कमी आई है। अनुमान के अनुसार, रबी मौसम में प्याज सहित अन्य फसलों के अधिक उत्पादन से आने वाले महीनों में बाजार मूल्यों में और कमी आने की संभावना है। घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पिछले साल 13 सितम्बर से निर्यात पर 20 प्रतिशत का शुल्क लागू किया गया था।

..............................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि ऊर्जा के साधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। अर्थ पावर डे पर अपने मुख्यमंत्री ने अपने निवास पर रात को साढे आठ बजे से एक घंटे के लिए बिजली बंद रख ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने और मुख्यमंत्री निवास के कार्मिकों ने मोमबत्ती की रोशनी में कामकाज किया।

राजभवन में भी अर्थ पावर डे पर अनावश्यक बिजली उपकरण बंद रख कर बिजली बचाने का संदेश दिया गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में भी रात साढे आठ बजे से साढे नौ बजे तक सभी गैर–जरूरी विद्युत प्रकाश उपकरण बंद रखे गये। पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मोमबत्ती की रोशनी में कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात की।

..............................................................

प्रदेश में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खान विभाग ने नागौर में कार्रवाई करते हुए 70 करोड़ 37 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। विभाग ने अवैध खनन और परमिट के दुरुपयोग पर 3 एफआईआर भी दर्ज करवाई हैं। उदयपुर से आई विभाग की गोपनीय टीम ने क्षेत्र के भावण्डा में खनिज चूना पत्थर और गंगवाना में चूना भट्टा धारक के यहां कार्रवाई को अंजाम दिया। इसके अलावा जांच दल द्वारा टाडावास में केमिकल स्टोन सप्लायर्स के यहां भी कार्रवाई की गई।

..............................................................

हिन्दी के प्रसिद्ध कवि और लेखक विनोद कुमार शुक्ल को देश का सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया जाएगा। श्री शुक्ल पिछले पचास सालों से साहित्य लेखन में लगे हुए हैं। उनका पहला कविता संग्रह ''लगभग जयहिन्द'' वर्ष 1971 में प्रकाशित हुआ था। उनकी किताबों का कई भाषाओं में अनुवाद भी हो चुका है।

000

सीकर में कल से शुरू हुए शेखावाटी उत्सव में पहले दिन सांस्कृतिक संध्या के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। हमारे संवाददाता ने बताया कि शहर के अरबन हाट में शेखावाटी हस्तशिल्प मेला लगाया गया है।

..............................................................

आईपीएल क्रिकेट के 18वें संस्करण की कल कोलकाता में रंगारंग शुरूआत हुई। समारोह में सुप्रसिद्ध बॉलीवुड गायकों और फिल्मी हस्तियों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस बीच, कल खेले गए पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 7 विकेट से हरा दिया। नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में बेंगलुरू ने विराट कोहली और फिलिप साल्ट के बीच 95 रन की साझेदारी की बदौलत 17वें ओवर में केवल तीन विकेट खोकर विजयी लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रतियोगिता में आज हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। चेन्नई में दूसरे मुकाबले में शाम साढ़े सात बजे मुंबई इंडियन्स और चेन्नई सुपर किंग्स आमने–सामने होंगे।

------------------------------------------------------------